रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

IQAC बैठक विवरण

दिनांकः–04.07.2020

आज दिनांक 04 जुलाई 2020 को प्राचार्य डॉ॰ एम॰एम॰ त्रिगुणायत की अध्यक्षता एवं अकादमिक प्रभारी श्रीमती मधु शर्मा की उपस्थिति में IQAC समिति की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहेः–

1. डॉ॰ एम॰एम॰ त्रिगुणायत – प्राचार्य
2. श्रीमती मधु शर्मा – अकादमिक प्रभारी
3. डॉ॰ अन्जु पाठक – समन्वयक IQAC
4. डॉ॰ लालाशंकर गयाववाल – सदस्य
5. डॉ॰ अलका गोयल – सदस्य
6. डॉ॰ कृति शर्मा – सदस्य
7. श्री जगदीश कुमार – सदस्य

बैठक के प्रारम्भ में IQAC की समन्वयक डॉ॰ अन्जु पाठक ने IQAC के बारे सामान्य जानकारी दी तथा इससे सम्बन्धित प्रपत्र उपलब्ध कराए और सभी से इनका गहन अध्ययन करने का अनुरोध किया ताकि सभी सदस्य वर्षपर्यन्त समिति के अन्दर होने वाली गतिविधियों के बारे में नवीन सुझाव देते रहें। प्राचार्य जी ने नवगठित IQAC समिति का स्वागत किया तथा अपेक्षा की कि ये समिति नवीन उत्साह के साथ आगामी NAAC को ध्यान में रखते हुए स्फूर्ति के साथ निरन्तर कार्य करेगी।

प्राचार्य जी ने सुझाव एवं निर्देश देते हुए कहा कि :–

- IQAC NSS के सभी यूनिट प्रभारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर बारिश के मौसम में होने वाले संभावित कार्यों पर चर्चा करेगी।
- NSS तथा ECO CLUB के साथ एक समेकित बैठक कर महाविद्यालय परिसर में बीज प्रकीर्णन कार्यक्रम के आयोजन का प्रारूप बनाए।
- महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों के साथ IQAC की बैठक की जावे जिसमें महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं अकादमिक उन्नयन के बारे में विचार आमंत्रित किये जायें।
- महाविद्यालय में मनोचिकित्सक के साथ समय–समय पर काउन्सिलिंग सत्र आयोजित किए जायें साथ ही छात्राओं के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये जायें। इन गतिविधियों का व्यय महाविद्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

- IQAC समिति महाविद्यालय के सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करके एक Central equipment facility विकसित करने की दिशा में प्रयास करे जिसमें कम्प्यूटर, फोटो कॉपीयर, इन्टरनेट आदि महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों हेतु उपलब्ध रहे जिसका चार्ज स्टोरकीपर को दिया जा सकता है।

- प्राचार्य जी ने SLQAC के निर्देशानुसार DLQAC के नोडल महाविद्यालयों के साथ शीघ्र ही एक ऑनलाईन बैठक आयोजित करने के लिए कहा जिसका विवरण SLQAC को प्रेषित किया जायेगा तथा आगामी शुक्रवार को SLQAC की होने वाली बैठक में रखा जायेगा।

- प्राचार्य जी ने आज IQAC के अन्तर्गत नवनियुक्त मंत्रायलिक कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम पर संतोष व्यक्त करते हुए आशा की कि IQAC के अन्तर्गत इसी प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाती रहेंगी।

समिति प्रभारी डॉ॰ अन्जु पाठक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

4-7-2020

04.07.2020

4/7/20

04.07.2020

4/7/2020

4/7/20

अनुमोदनार्थ प्राचार्य महोदय

अनुमोदित 4-7-20

Scanned with CamScanner